26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 11 मई, 2026

अंक- 196 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16



जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411


पोकरण परमाणु परीक्षण पर मोदी बोले-

## दुनिया हिल गई थी

जामनगर ( एजेंसी/चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं। पीएम ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है।

**विश्वभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतरीं, हम डटे रहे, डरे नही**


बिजनौर में कंपनी ब्रांड मेंस वियर के शोरूम के लिए आवश्यकता है

1 स्टोर मैनेजर 1 सेल्समेन

मेंस वियर के अनुभवी को प्राथमिकता

आइसक्रीम की सप्लाई हेतु- एक डिलीवरी ब्वॉय
दोपहिया चलाना आना आवश्यक व वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क करें मो. 9412326637/8630950487

JOB / VACANCY

बीना प्रकाश हॉस्पिटल

हमारे हॉस्पिटल में निम्न पदों हेतु योग्य/अनुभवी उम्मीदवारों की तुरन्त आवश्यकता है।

1. मेडिकल ऑफिसर (Female)
योग्यता- BUMS/BAMS (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय)
अनुभव- 3-4 वर्ष
2. फीमेल लेबर रूम स्टाफ
अनुभव 3-4 वर्ष
➤नॉर्मल डिलीवरी का अनुभव आवश्यक
➤लेबर रूम प्रक्रियाओं का सम्पूर्ण ज्ञान।
➤हिंदी व अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता।
➤विनम्र एवं जिम्मेदार स्वभाव

इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें।

सिविल लाइंस, बिजनौर मो. 6395174506


## सेंसेक्स लुढ़का

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट देखी गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 690.10 अंक गिरकर 76,638.09 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 1,000.01 अंक (1.29 प्रतिशत) नीचे 76,318.28 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 206.05 अंक की गिरावट के साथ 23,970.10 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 369.50 अंक यानी 1.52 प्रतिशत नीचे 23,890 अंक पर रहा।

## मोदी के बयान पर भड़के राहुल

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की खराब हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं।




# चिंगारी की मुहिम रंग लाई, स्योहारा पॉलीटेक्निक में शीघ्र शुरू होगी पढ़ाई

–अश्मनी कुमार जाखड़

**स्योहारा (चिंगारी)।** आखिरकार चिंगारी की मूहिम रंग लाई और लंबित पड़े राजकीय पॉलोटैनिक कॉलेज का निर्माण शुरू हो गया। क्षेत्रीय युवाओं में खुशी का माहौल हो गया कि अब पॉलोटैनिक की पढ़ाई के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा।

वर्ष 2023 में चिंगारी ने प्रमुखता से ख़बर प्रकाशित की थी, जिसको पढ़कर आलाधिकारियों की नींद टूटी थी और पुनः निर्माण की प्रक्रिया को शुरू किया था। चिंगारी ने समय-समय पर आलाधिकारियों को अवगत कराया और जिसका निर्माण अब वर्ष 2026 में शुरू कराया जा रहा है।

ज्ञात हो कि सपा की सरकार में एम.एस.डी.पी. योजनान्तर्गत ग्राम ज्योतिहिम्मा में राजकीय पॉलिटेक्निक के लिए लगभग 12.30 लाख रू. स्वकृत हुए और भवन निर्माण सी एण्ड डीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा निर्माण किया गया था।

समाजवादी सरकार में तत्कालीन मंत्री मूलचन्द चौहान के प्रयासों से ये राजकीय पॉलिटेक्निक स्वकृति प्रदान की गयी और 12.30 लाख रू. की धन राशि आवंटित हुई।



20-8-2016 में मंत्री रहे मूलचन्द चौहान व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे नईमुलहसन एवं पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी अनिल यादव के साथ भूमि पूजन किया और निर्माण कार्य शुरू कराया, जिसके बाद 2019 में दो वर्षों में निर्माण कार्य पुरा हो गया, लेकिन शिक्षा शत्र शुरू नहीं हुआ और देखरेख के अभाव में पुरा भवन खडर में तब्दील होना शूरू हो गया, लेकिन चिंगारी ने उक्त मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया और समाचार प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन की आंख खुली और खंडहर होती बिल्डिंग और सरकारी रकम को बचाने में जुट गये। जिसके बाद आर के बिल्डर्स को निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने का टेंडर किया गया। फर्म संचालक योगेंद्र सिंह ने बताया कि टेंडर की अवधि दो वर्ष की है। दो वर्ष बाद भवन तैयार कर सरकार को सौंप दिया जाएगा।

राजकीय पॉलोटैनिक कालेज के शुरू होने की आस जगी है, जिससे शिक्षा में एक क्रांति होगी और युवाओं को कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। ये एक बहुत अच्छा माध्यम होगा शिक्षा के लिए।

–शानू शेख छात्र नेता


13 (सांध्य दैनिक) बिजनौर, 10 मई 2023
आसपास
चिंगारी
करोड़ों की लागत से बना राजकीय पॉलिटेक्निक का भवन धूल फांक रहा
पढ़ाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं छात्र और क्षेत्रवासी

**राजकीय पोलोटैनिक कालेज शुरू होना क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा का एक अच्छा अवसर होगा। अभी तक युवा पॉलोटैनिक के लिए दूर-दूर जाते थे लेकिन अब आसान हो जाएगा।**

–लक्षित राठी नगर मंत्री
अखिल भारतीय विधार्थी परिषद

**सपा की सरकार में मेरे प्रयासों से राजकीय पॉलोटैनिक बना, लेकिन सरकार बदली तो कालेज खंडहर में बदल गया। काम चल रहा है तो अच्छा है युवाओं को शिक्षा मिलेगी। लेकिन ये भाजपा जब राजकीय पोलोटैनिक को पूरा कर शिक्षा सत्र चलाए तब ही विश्वास किया जाएगा।**

–मूलचंद चौहान
पूर्व मंत्री उ.प्र. सरकार

## जैन मुनि ने खुशी-खुशी किया केशलोचन



**किरतपुर (चिंगारी)।** दिगम्बर जैन परम्परा में केशलोचन की एक प्रमुख क्रिया है। इस क्रिया में दिगम्बर साधु अपने सिर-दाढ़ी और मूंछ के बाल स्वयं अपने हाथों से बिना किसी उपकरण (कैंची कंघा आदि) के समाज के सामने केशलोचन की क्रिया करते हैं। यह क्रिया दो से तीन माह के बाद प्रत्येक जैन साधु एवं साध्वी को अनिवार्य रूप से करनी होती है। इस क्रिया को अपनाते हुए श्रमण मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी ने दिगम्बर पंचायती मंदिर के मीटिंग हॉल में समाज के सामने केशलोचन खुशी-खुशी सम्पन्न किया। यह क्रिया बताती है कि शरीर और आत्मा अलग-अलग है। केशलोंच के दिन मुनि निर्जला उपवास करते हैं। महाराज श्री के केशलोंच में संजय जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, यतेंद्र जैन, आकाश जैन, गौरव जैन, मंजू जैन, शालिनी जैन, नैंसी जैन, सविता जैन, रजनी जैन, इन्दु जैन, अंकुर जैन, शैली जैन, प्रदीप जैन, अंजलि जैन, आभा जैन, पारस जैन, रेखा जैन, छोटी बच्ची प्रिशा जैन एवं मुरली मेहरा आदि उपस्थित रहे।

## पैसों के लेन-देन को लेकर दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम सैफाबाद निवासी सचिन पुत्र धर्मवीर सिंह ने थाने में चार दिन पूर्व नारायणपुर निवासी अजीज पुत्र युनुस से पैसे के लेन-देन के संबंध में एक तहरीर दी थी। सचिन ने पुलिस को बताया था कि तहरीर देने के बाद अजीज का भाई तालिब उसे जान से मारने की धमकी व गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। सचिन ने तालिब के खिलाफ भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। आरोपी अभी फरार है।

## प्रेरक कल्याण समिति की बैठक 13 मई को

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रेरक एकता कल्याण समिति, उप्र की बैठक आगामी बुधवार, 13 मई को हल्दौर ब्लॉक के डबाकरा हॉल में आयोजित की जानी है, जिसमें शिक्षा प्रेरकों के 18 माह के बकाया मानदेय की मांग की जायेगी तथा उनकी अन्य समस्याओं के सामधान पर विचार-विमर्श किया जायेगा। इस सम्बंध में समिति के पदाधिकारियों नरेंद्र सिंह और बाबूराम के हाथों खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा और उनसे बैठक के लिये अपनी स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति की मांग की जायेगी।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम



Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

कुर्बानी का वीडियो वायरल न करें, सड़क पर नमाज न पढ़ें ( पेज 10 )



# एआई से युवती के अश्लील फोटो बनाकर वायरल किये

## पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज किया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** दो युवकों पर एक युवती के एआई तकनीक से अश्लील फोटो तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर वायरल करने का आरोप लगाते हुए एक युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

आरोप है कि कोट निवासी जुबैर व सुहेब पुत्रगण इरशाद ने युवती की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीरें तैयार कीं और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर युवती और उसके परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी इससे पहले भी इस प्रकार की हरकत कर चुके हैं। उस समय रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने समझौता कराकर मामला शांत करा दिया था, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। आरोप है कि पहले आरोपियों ने किसी अन्य युवक के माध्यम से ऐसी घटना को अंजाम दिलाया था और अब स्वयं ही इस कृत्य को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि दोनों आरोपी वर्तमान में सऊदी अरब में रहते हैं, जिससे उनके हौसले बढ़े हुए हैं। इस घटना के बाद परिवार मानसिक तनाव में है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया अकाउंट और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्यार किया...इक़रार किया, फिर शादी से इन्कार किया

## आरोपी युवक व उसके बहन-भाई के ख़िलाफ़ रिपोर्ट

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** एक युवती ने अपने प्रेमी पर शारीरिक संबंध बनाने और फिर शादी से इनकार करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में युवती का कहना है कि वह नगर के मोहल्ला नेजो सराय निवासी शाहिद उर्फ भूरा को पिछले एक साल से जानती है। युवती का कहना है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। युवती का आरोप है कि गत 28 अप्रैल को शाहिद ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी करने से इनकार कर दिया। युवती का कहना है कि जब उसने यह बात शाहिद के परिजनों को बताई तो उसके भाई नाजिम व बहन नगमा ने भी शाहिद से उसकी शादी कराने को साफ इनकार कर दिया और धमकाया कि अगर कोई कार्यवाही की तो जान से मार देंगे। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## पति ने कर ली दूसरी शादी, पहली ने रिपोर्ट लिखा दी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी कर लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। नगर निवासी फरमाना ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि 21 फरवरी 2022 को उसका विवाह दानिश अली पुत्र अनीस अहमद निवासी काजी सराय शेरकोट से हुआ था। जिससे दो पुत्र हुए, मगर उचित उपचार के अभाव में उनकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद से पति व ससुरालियों की प्रताड़ना व सदमे के कारण वह बीमार पड़ गई। फरमाना का आरोप है कि उसके पति व सास-ससुर उसे दहेज को लेकर भी प्रताड़ित करते आ रहे हैं और बीमारी के चलते ही उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद से वह अपने मायके में इलाज करा रही थी कि इसी बीच गत 28 मार्च को उसकी सहमति के बिना उसके पति दानिश अली ने दूसरी शादी कर ली। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि फरमाना की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स मानविक रूद्र इर्थ द्वारा खाता संख्या 297 खसरा नंबर 79 मि रकबई 0.686 में 0.410 हे. स्थित मौजा ग्राम रामपुर रायघटी अहतमाल परगना ज्वालापुर तहसील लक्सर, जिला हरिद्वार को लीज पर ले लिया है, जिस पर खनन सामाग्री भंडारण का कार्य अनुमति लेकर किया जायेगा। इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिन के अंदर निम्न पते पर दे सकते हैं। **-अरुण शर्मा पुत्र श्री ओमदत्त शर्मा निवासी वीडी हरि लोक कॉलोनी ज्वालापुर, हरिद्वार। निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**


## ट्रम्प को सदबुद्धि दो भगवान!

सारी दुनिया को पता है, बच्चा-बच्चा ये जानता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि युद्ध खुद एक गंभीर समस्या है। लेकिन दुनिया में कुछ ऐसे अहमक और सनकी लोग भी हैं, जिन पर दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने की धुन सवार है, जिसके लिये वे बिना किसी वजह के भी युद्ध थोप देते हैं। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया के बाकी तमाक सनकियों को पीछे छोड़ दिया है। आज तमाम दुनिया ट्रम्प की सनक और विस्तारवादी सोच के कारण संकट में है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। अगर युद्ध शीघ्र समाप्त नहीं हुआ तो भारत के 140 करोड़ लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जिसकी झलक कल हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये भाषण में स्पष्ट रूप से मिली है। उनके सुझावों में ही निहित है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों का गंभीर संकट होने जा रहा है। यह सब डोनाल्ट ट्रम्प और उनके मित्र राष्ट्र इजरायल का करा-धरा है, जिसका खामियाजा भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल, युद्ध विकास का नकारात्मक परिणाम है। खाड़ी युद्ध ने इसे एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। ऊर्जा और कच्चे माल की उपलब्धता में संकट के कारण उत्पादन गंभीर रूप से घट गया है। यदि यह संकट बना रहता है, तो भारत सहित तमाम देशों में ऊर्जा संकट के साथ-साथ अन्य चीजों का भी संकट उत्पन्न हो जायेगा। युद्ध के चलते महंगाई लगातार बढ़ रही है और कारखाने बंद होने लगे हैं, जिससे बेरोजगारी का खतरा फिर लौट आया है। दुनिया की अनेक बड़ी कम्पनियों ने कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। पश्चिम एशिया के युद्ध का दोनों पक्षों से दोहन किया गया है। आर्थिक मोर्चे पर उत्पादन न्यूनतम स्तर तक सिमट गया है, क्योंकि उद्योग बंद हो रहे हैं। महंगाई ने इस निराशा को और गहरा कर दिया है, जिससे जीवन मुश्किल होता जा रहा है। कपड़ा उद्योग की स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई है। संकट ने बड़े उत्पादकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। युद्ध कहीं पर भी हो, उसकी मार पूरी दुनिया पर पड़ती है। खासकर गरीब और विकासशील देशों की गरीब जनता का सर्वाधिक शोषण होता है। डोनाल्ट ट्रम्प को जितनी जल्दी सदबुद्धि आये, उसमें ही दुनिया की भलाई है।

# वृक्ष, वायु एवं पर्यावरण

वृक्षों के अंधाधुंध कटान से वायु प्रदूषण बढ़ा है। वायु में प्रदूषक तत्वों की बात करें तो तीन प्रकार के प्रदूषक वायु को दूषित करते है। जिनमें गैस, वायूढ़ पदार्थ और गंध शामिल हैं। गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, ओजोन, फ्लोरिन और अम्ल (कार्बनिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल) वायुमंडल में प्रदूषक के रूप में घुली रहती हैं। धुआं, कालिख, कुहांसा, राख, बदबुदार धुआं, धूल आदि जो वायु में तैरते रहते हैं वायु पदार्थों में सम्मिलित हैं। यह कण सूर्य से आने वाले विकिरण को रोकते हैं, परावर्तित करते हैं और बिखेर देते हैं।

यह कहानी मेरी जुबानी है उस पिलखन के पेड़ की है जो कि ग्राम ताहरपुर सैद तरकोला, नहटौर में मौजूद था। मुझे आज भी अच्छी तरह याद है जब मेरी आयु 6-7 वर्ष की रही होगी हमारे घर के सामने एक पिलखन का पेड़ मेरे परिवार के बुजुर्गों ने लगाया था, जिसकी देखभाल की ज़िम्मेदारी सभी लोगों की थी। उसके चारों तरफ एक जालीनुमा ईंटों का पिंजरा बनाया गया ताकि पशुओं से उसकी रक्षा हो सके। प्रतिदिन बड़े बुजुर्गों का काम था उसमें पानी देना और शरारती बच्चों पर नज़र रखना। समय बीतता चला गया कोई 5-6 साल की मेहनत के बाद पिलखन का पेड़ बड़ा हो चला था। अब न उसको पानी देने की ज़रूरत थी और न घेराबंदी की। पिलखन की जड़ों ने अपने पानी और पोषण का इंतेज़ाम अपने आप करना शुरू कर दिया। इसकी टहनियां फैलने लगीं, हरे पत्तों का आच्छादन होने लगा। पिलखन के ऊपर पक्षियों का बसेरा होने लगा और नीचे गांव की चौपाल अब पूरे दिन यही लगी रहती कि चारपाई पर बैठे कोई सज्जन किताब पढ़ रहे हैं और उनके चारों ओर लोग बैठे ज्ञान की बातें सुन रहे हैं। कोई ग्रामीण विवाद होता तो उसकी पंचायत भी यही पर लगती। गर्मी में कोई मदारी, सपेरा या फेरी वाला आता तो यहीं रुक जाता और खेल-तमाशा और सामान बेचकर चला जाता। बच्चे दिन भर इसके ऊपर-नीचे खेलते रहते, अब इसकी टहनियां भी मज़बूत हो गयी थीं। यह सब गांव के बुजर्गों की दूरदर्शिता थी कि उन्होंने पिलखन के पेड़ को लगाया। प्रारंभिक दिनों में पिलखन के पेड़ पर मार्च-अप्रैल के महीने में बगुलों का आना शुरू हुआ, तो मैंने गौर से देखा इस प्रजाति के पक्षी तो हमारे गांव में नहीं हैं, फिर यहां कहां से आये। अपने यहां के बगुलों और इनमें काफी अंतर था, देखते ही देखते इनकी संख्या बढ़ने लगी और इन्होंने घोंसला बनाने के लिए तिनके इकट्ठा करने शुरू कर दिये। मई, जून बीता अंडे दिए बच्चे निकले और बरसात के जाते-जाते अपने नये सदस्यों को लेकर पता नहीं कहां चले गए। यह सिलसिला चलता रहा और यह प्रवासी बगुले इसी तरह आते-जाते रहे। एक पिलखन का पेड़ कौवों, तोते, मैना, फाख्ता और न जाने कितने पक्षियों का आशियाना बना और इसके फल बने पक्षियों की खुराक। पिलखन फाइकस वंश का पौधा है इसको पाकड़ या पकड़िया के नाम से भी जाना जाता है। इसकी प्रजाति वाइरेन्स है। वनस्पति विज्ञान के हिसाब से बरगद, पीपल, गूलर, अंजीर और पिलखन का वंश एक ही है। इस वंश के पौधे अन्य की अपेक्षा अधिक ऑक्सीजन देते हैं। कालांतर में यह पेड़ ग्रामीण परिवार का हिस्सा बन गया। मैं जब भी गांव जाता तो इसके नीचे बैठता और आनंदित होता। यह पेड़ 35 साल के गांव के इतिहास का मूक साक्षी बना। मगर अब यह लोगों की नज़रों में खटकने लगा। इस पर बैठने वाले पक्षियों विशेषकर प्रवासी बगुलों से ग्रामवासियों को समस्या होने लगी। बगुलों को भगाया जाने लगा, क्योंकि उनके कारण बदबू फैलती थी। मैं फ़ोन पर ही पिलखन के हाल-चाल मालूम करता रहता। गत वर्ष सूचना मिली कि स्वार्थी और अपने आप में मस्त रहने वाले जिन्हें प्राकृतिक संसाधनों से कोई लेना-देना नहीं है उन्होंने पिलखन के पेड़ को काट दिया है। मैं उस समय अपने गांव से 200 किमी. दूर था, कुछ कर नहीं सकता था। फ़ोन पर ही उसके कटान को रुकवाया, तब तक सारी टहनियां कट चुकी थीं सिर्फ तना रह गया। अब उसको दुबारा फलने-फूलने में कितना समय लगेगा कुछ पता नहीं।



वृक्षों के अंधाधुंध कटान से वायु प्रदूषण बढ़ा है। वायु में प्रदूषक तत्वों की बात करें तो तीन प्रकार के प्रदूषक वायु को दूषित करते हैं, जिनमें गैस, वायूढ़ पदार्थ और गंध शामिल हैं। गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, ओजोन, फ्लोरिन और अम्ल (कार्बनिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल) वायुमंडल में प्रदूषक के रूप में घुली रहती हैं। धुआं, कालिख, कुहांसा, राख, बदबुदार धुआं, धूल आदि जो वायु में तैरते रहते हैं वायु पदार्थों में सम्मिलित हैं। यह कण सूर्य से आने वाले विकिरण को रोकते हैं, परावर्तित करते हैं और बिखेर देते हैं। सूर्य विकिरण में व्यवधान के कारण पर्यावरणीय दुष्प्रभाव उत्पन्न करते हैं तथा मानव स्वास्थ के लिए हानिकर होते हैं। गंध उद्योगों तथा वस्तुओं के सड़ने-गलने से वायु में मिल जाती हैं और अवांछित गंध से बीमारियां पैदा हो जाती हैं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अहम पहल है, क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष ही हैं। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। इसके लिए वृक्ष लगाने होंगे तब ही शुद्ध वायु मिल पाएगी। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस आने वाला है, हम प्रण लें कि खाली स्थानों में पेड़ लगाएंगे और उनका संरक्षण भी करेंगे। किसान भाई अपने खेतों में कृषि-वानिकी के तहत फसलों के साथ पेड़ भी लगा सकते हैं। इस दिशा में कृषि-वानिकी ही ऐसा विकल्प है जिससे हम वनों का क्षेत्रफल वनों से बाहर फैला सकते हैं। साथ ही यह पद्धति वातावरण को संतुलित करने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कृषि-वानिकी में यह ज़रूरी नहीं कि कृषि के साथ जंगली वृक्ष ही लगाए जाएं। इसमें फसलों के साथ फलदार वृक्ष भी लगाए जा सकते हैं। जैसे गेहूं-पॉप्लर-आम के पेड़, हल्दी-पॉप्लर-आम, गेहूं-आम-आंवला-सेब-अमरुद इत्यादि। शहरी क्षेत्रों में जहां छोटे-छोटे घर, बहुमंज़िला इमारतें होती हैं, वहां भी वायु को शुद्ध करने के लिए इंडोर पौधे लगा सकते हैं। यह पौधे वायु शुद्धिकरण के साथ-साथ ऑक्सीजन का भी बहुत अच्छा स्त्रोत हैं। इनमें नाग पौधा, एरेका पाम, सिंगोनियम, क्रोटोन, मनी प्लांट, चायनीज़ एवग्रीन्स, ड्रेकेना फ्रेग्रेंस, स्पाइडर प्लांट, एलोवेरा, इंग्लिश इवी आदि प्रमुख हैं। इस प्रकार हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके प्राकृतिक ऑक्सीजन की कमी को पूरा कर अपने पर्यावरण को प्रदुषण से बचा सकते हैं।



**-डॉ. मौहम्मद अवैस**
कृषि विज्ञान संकाय
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,
अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)

# डॉ. चहल पर चलाई गोली, बाल-बाल बचे

## शराब के नशे में धुत चहल के पूर्व टेक्नीशियन ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से की वारदात

**बिजनौर ( चिंगारी )**। शहर के मंडावर रोड स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल के बाहर बीती रात करीब 11:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल संचालक डॉ. अशोक चहल पर एक टेक्निशियन ने गोली चला दी। गनीमत है कि डा.चहल को गोली नहीं लगी। बताया जाता है कि आरोपी शराब के नशे में था। गोली उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से चलाई थी।

जानकारी के अनुसार आरोपी टेक्निशियन डॉ. सौरभ त्यागी करीब पांच वर्ष पूर्व लाइफ लाइन हॉस्पिटल में डायलिसिस विभाग में टेक्नीशियन के पद पर था। आरोपी और अस्पताल प्रबंधन के बीच किसी विवाद को




### आरोपी को पकड़कर पुलिस को दिया

लेकर सौरभ त्यागी लाइफ लाइन हॉस्पिटल से अलग हो गये थे। अस्पताल में कार्यरत डॉ. अंकित ढाका ने बताया कि रविवार रात आरोपी डॉ. सौरभ त्यागी ने उन्हें फोन कर अस्पताल में भर्ती एक मरीज का ख्याल रखने के लिए कहा था। उन्होंने फोन पर डॉ. अशोक चहल को बुलाने के लिए कहा। आरोप है कि फोन पर ही डा. त्यागी अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा और लगातार गाली-गलौज करता रहा। इसके बाद उसने डॉ. चहल को अस्पताल के बाहर आने के लिए कहा।

डॉ. अंकित ढाका के अनुसार, जैसे ही डॉ. अशोक चहल अस्पताल के बाहर पहुंचे, आरोपी ने उन पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायर झोंक दिया। हालांकि गोली निशाने पर नहीं लगी और डॉ. चहल सुरक्षित बच गए। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। अस्पताल स्टाफ ने आरोपी डा.त्यागी को रिवाल्वर सहित पकड़ लिया और मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



## नूरपुर में हुये सड़क हादसे में फजलपुर के बुजुर्ग की मौत

**पैजनिया/नूरपुर ( चिंगारी )**। नूरपुर में एक सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा नूरपुर-नहटौर मार्ग पर गांव कुंडा बलदाना के पास हुआ, जब एक ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान पैजनिया गांव के पास फलजपुर ढाकी निवासी मोहम्मद जकी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद जकी नहटौर की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नूरपुर थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक और चालक को पकड़ लिया गया है। मोहम्मद जकी की मौत से उनके परिवार में शोक का माहौल है। वह अपने पीछे सात पुत्रियों और दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। वह भारतीय किसान यूनियन हिंद के जिला अध्यक्ष मौहम्मद आफताब उर्फ बबलू के ससुर थे।





## सही ढंग से नाली न बनाये जाने से भरत विहार के लोग परेशान

### डीएम को दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )**। मंडावर रोड स्थित भरत विहार कॉलोनी में नाली निर्माण में कथित रूप से की गई अनियमितताओं के कारण जलभराव और गंदगी की समस्या गहराती जा रही है। परेशान कॉलोनीवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा लाखों रुपये की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कराया गया था, लेकिन नाली का ढाल गलत दिशा में कर दिया गया, जिससे पानी की निकासी दक्षिण से उत्तर की ओर होने के बजाय उल्टी दिशा में हो रही है। इससे कॉलोनी में पानी जमा रहता है और घरों के बाहर गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला कई स्थानों पर ऊंचा बना दिया गया है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। गंदे पानी और दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है तथा बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी वार्ड सदस्य और नगर पालिका अध्यक्ष से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। प्रार्थना-पत्र में मांग की गई है कि सुनील त्यागी के घर से प्रदीप कुमार के घर तक की नाली के ढाल को सही कराकर पानी की निकासी सुचारु कराई जाए, ताकि लोगों को जलभराव और गंदगी से राहत मिल सके।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भारतीय जैन मिलन का 61वां वार्षिकोत्सव



**बिजनौर ( चिंगारी )**। जैन समाज की प्रमुख राष्ट्रीय संस्था भारतीय जैन मिलन का 61वां स्थापना दिवस कल जैन मिलन की बिजनौर शाखा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नई बस्ती स्थित जैन धर्मशाला के सभागार में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रदीप कुमार जैन के सान्निध्य, शाखाध्यक्ष मुकुल जैन एडवोकेट की अध्यक्षता व मंत्री संजय कुमार जैन के संचालन में महावीर प्रार्थना से प्रारंभ हुये कार्यक्रम में गत मीटिंग की कार्यवाही की पुष्टि के उपरांत प्रदीप कुमार जैन ने संस्था के भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी, जबकि संजय कुमार जैन ने बढ़ापुर के निकट स्थित कांशीवाला जैन मंदिर व क्षेत्र के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के अगले चरण में मन की बात के अंतर्गत इंजी. ब्रजेश कुमार जैन, डॉ. एससी जैन, प्रदीप कुमार जैन, स्नेहलता जैन, सुमन जैन, अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी) ने गीत, कविता, प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किये। स्नेहलता जैन ने धार्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की। अंत में सही उत्तर देने वालों, समय बद्ध व लकी ड्रा विजेताओं को तथा इस माह के जन्मदिन वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार जैन (साहित्य विहार) को धन्यवाद दिया गया।

# महिला ने दरोगा के ख़िलाफ़ बयान दर्ज कराये

## राज्य महिला आयोग की सदस्य भी रहीं मौजूद


परिजनों के साथ पीड़िता।


महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर स्थित पानप दास समाधि स्थल पर 5 मई की रात धामपुर कोतवाली में तैनात एसआई ब्रह्मपाल गिरि द्वारा वहां रहने वाली महिला से कथित छेड़छाड़ के बाद हुई मारपीट के मामले में रविवार की शाम उस समय नया मोड़ आ गया जब पीड़ित महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में अपने बयान दर्ज कराए।

रविवार को बिजनौर से राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल जैन पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय धामपुर पहुंची। उसके कुछ ही देर बाद पीड़ित महिला अपने अधिवक्ताओं आर.के. आर्य एडवोकेट व सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंची। महिला एसआई ने उनके बयान दर्ज किये। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भी वहां मौजूद रहे। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की मौजूदगी में दिए गए बयानो में पीड़ित महिला ने एस आई ब्रह्मपाल गिरि द्वारा उनके साथ की गई घटना के बारे में अवगत कराया और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई।

इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल जैन ने कहा कि पीड़ित महिला की पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा पीड़िता परिजनों को परेशान किया जा रहा है, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बिजनौर को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि एस आई द्वारा महिला के साथ की गई घटना निंदनीय और पुलिस विभाग पर एक बदनुमा दाग है। उन्होंने दरोगा ब्रह्मपाल गिरि का मेडिकल दोबारा कराए जाने की भी बात कही।

# शिक्षकों ने की नियम विरुद्ध किये गये स्थानान्तरण निरस्त करने की मांग

## निदेशक माध्यमिक शिक्षा को प्रेषित किया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा ने प्रतिवर्ष वार्षिक स्थानांतरण के तहत होने वाले स्थानांतरणों पर लगी रोक के बावजूद ऊंची पहुंच वाले शिक्षकों के लगातार हो रहे स्थानांतरणों पर नाराजगी व्यक्त की है।

इस संबंध में मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान के द्वारा प्रांतीय नेतृत्व एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश का समस्त शिक्षक समाज शासन से प्रतिवर्ष वार्षिक स्थानांतरण के तहत स्थानांतरण की मांग कर रहा है, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी जा रही है वहीं दूसरी ओर स्थानांतरणों पर लगी रोक के बावजूद ऊंची पहुंच रखने वाले शिक्षकों के लगातार स्थानांतरण हो रहे हैं जिससे अन्य शिक्षकों में आक्रोश बना हुआ है। कहा कि कई शिक्षक कई वर्षों से दुर्गम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जिस पद पर नियुक्त हो रहे हैं पदोन्नति व स्थानांतरण न होने से उसी पद से सेवानिवृत हो रहे हैं, वहीं कुछ शिक्षक बीमारियों से ग्रस्त होकर भी विकट परिस्थितियों में दुर्गम में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनकी बात को कोई सुनने वाला नहीं है। दूसरी ओर ऊंची पहुंच रखने वाले शिक्षक नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अपना स्थानांतरण कराकर उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में तुले हुए हैं। मांग की गई की इस प्रकार के नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरणो को तुरंत निरस्त कर वार्षिक स्थानांतरण के तहत स्थानांतरण किए जाने चाहिए। कहा कि एक अन्य मामले में हरिद्वार जनपद में विभागीय जांच के उपरांत गलत तरीके से नियुक्त पाए शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है, जिन अधिकारियों ने नियमों को ताक में रखकर इस प्रकार की नियुक्तियां की है उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बाल अपचारी सहित दो युवक दबोचे



## तमंचा व कारतूस बरामद किये

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में एक बाल अपचारी समेत दो युवकों को दबोचा। पुलिस ने उनके पास से तमंचे भी बरामद किये।

रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक पशु अस्पताल के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को दबोच लिया। पुलिस को पूछताछ में युवकों ने अपने नाम व पता आशुतोष निवासी मोहल्ला रविदासनगर, नूरपुर व शिवम मौहल्ला हज़रत नगर, नूरपुर बताये। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवकों के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त आशुतोष पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उधर करीब एक माह पूर्व अमरोहा मार्ग स्थित गांव तंगरौला में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान तमंचा लहराते हुए फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने वाइरल वीडियो की जांच पड़ताल की तो स्थानीय निवासी एक बाल अपचारी की पहचान सामने आई जिसे पुलिस ने तमंचे, कारतूस के साथ पकड़ लिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपियों के चालान की पुष्टि की है।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**

**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

मनोज कात्यायन 9927500708

जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

## मीनाक्षी देवी बनीं अभिभावक शिक्षक संघ की अध्यक्ष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के कण्वघाटी स्थित बालिका राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में अभिभावक शिक्षक संघ एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मीनाक्षी देवी को अभिभावक शिक्षक संघ व कविता बिष्ट को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान इंटरमीडिएट परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली तनुजा तथा हाईस्कूल परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कोमल को भी पुरस्कृत किया गया। बैठक में प्रधानाध्यापिका पुष्पा धस्माना, किरन जागरवाल, उषा रावत, ऋतु थपलियाल, वीना शर्मा, कल्पना जोशी, निधि बुडाकोटी, अर्चना कंडवाल, सीमा गुसाईं, सावित्री रावत एवं हेमलता बडोला सहित अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षिका नीलम जखमोला का किया गया सम्मान



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बापूग्राम स्थित मॉर्निंग बेल्ट अकादमी में टीचर के रूप में वर्षों से कार्य कर रही नीलम जखमोला की शादी के कारण स्कूल छोड़ने पर स्कूल प्रबंधन ने सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मॉर्निंग बेल्ट अकादमी प्रबंधक राजीव थपलियाल, प्रभा थपलियाल, जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर चरण अस्तिम महाराज, अनंतबोध चैतन्य, महंत बलवीर, लिथुआनिया यूरोप से तातियाना शामिल हुए। सभी ने नीलम जखमोला को शादी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, सरदार गुरविंदर, दिनेश सती, चित्रमणि, निर्मला उनियाल, पिंकी धस्माना आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सचालन राजीव थपलियाल द्वारा किया गया।

# वार्डों के विकास के लिए, विधायक निधि से 32 लाख स्वीकृत किये



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश के वार्ड संख्या 6, 11, 12 एवं 13 के विकास हेतु महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए आंतरिक मार्गों, नालियों एवं सीसीटीवी कैमरों के निर्माण के लिए विधायक निधि से 32 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की है। ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी एवं मंडल महामंत्री नितिन सक्सेना के नेतृत्व में वार्डों के कार्यकर्ताओं ने डॉ. अग्रवाल का आभार व्यक्त किया और क्षेत्रीय विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल, असम एवं पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की विजय पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र में जनता के विश्वास और भाजपा की नीतियों की विजय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऋषिकेश के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर फिरू जंगवानी, रोशन रतूड़ी, प्रेम दत्त जोशी, जगावर सिंह, दिनेश सेमवाल, डंडरियाल जी, ओम प्रकाश शर्मा, अनंत राम भट्ट, आशु डंग पार्षद राघव, विवेक, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

# सशक्त राष्ट्र के लिए नारी का सशक्त होना अनिवार्य- जस्टिस रामअवतार सिंह







**नांगल सोती (चिंगारी)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा गुरुमाता भागवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण एवं जागृति अभियान शुरू किया गया है। उक्त अभियान के अंतर्गत राजा भरत सिंह इंटर कालेज में आयोजित नारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए शांतिकुंज की ब्रह्मवादिनी बहिनों ने कहा कि नारी के अंदर असीमित शक्ति है। जरूरत उस शक्ति को जागृत करने और उसका सदुपयोग कराने की है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिये महिलाओं का सशक्त होना अनिवार्य है। नारी की शक्ति के सामने सभी शक्तियां छोटी हैं। नारी जननी है और किसी भी व्यक्ति की प्रथम गुरु होती है। कार्यक्रम के आयोजक डा. वेदपाल सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य परिवारों में हो रहे बिखराव, नई पीढ़ी में पनप रही दिशाहीनता, जीवन मूल्यों के पतन और सामाजिक कुरीतियों को वैचारिक जागृति से रोकना है।

## नांगल सोती में नारी सम्मेलन का आयोजन

कार्यक्रम में गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर और राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के बच्चों ने पूर्ण सहयोग किया। इस दौरान शिक्षा और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वर्मा ठाकुर, विमा माहौटे, विजया शर्मा, उमा गढ़िया, ममता मंजरी ने संगीतमय प्रस्तुति दी।

राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान, शांतिकुंज के नजीबाबाद जोन प्रभारी अशोक कुमार सिंह, उपजोन प्रभारी उदय सिंह चौहान, जोन समन्वयक दीपक कुमार, सुरेन्द्र सिंह, इंद्रदेव शर्मा, सौरन सिंह, नरेश कुमार, विनोद कुमार, वीरेन्द्र शर्मा, विपिन कुमार, लोलेन्द्र सिंह, विशम्भर सिंह, डालचंद पाल, सरोज देवी, शीला सैनी, सीमा देवी, अंजू देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**हल्दौर (चिंगारी)।** स्थानीय डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, आचार्य हेमराज सिंह एवं समस्त शिक्षकों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य हेमराज सिंह और सोमपाल सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन प्रसंगों को साझा किया। उन्होंने उनके साहस, अटूट देशभक्ति और स्वाभिमान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए।




# महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नांगल सोती (चिंगारी)। स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में अद्वितीय योद्धा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीरता, साहस और रण-कौशल अद्भुत थे। वे स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक तथा अजेय योद्धा थे। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, स्वाभिमान और त्याग के सर्वोच्च प्रतीक हैं। भारतवंश सदैव उन पर गर्व करता रहेगा। प्रवक्ता हरवीर सिंह, डा. श्याम सिंह वित्तेश, सत्यप्रकाश आर्य, राकेश सैनी, संजय गोयल, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।**

# हर्षोल्लास के साथ मनायी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती






**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षत्रिय राजपूत सभा समिति बिजनौर द्वारा महाराणा प्रताप जयंती हर्ष एवं उल्लास के साथ काकरान वाटिका बिजनौर में मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि अरूण कुमार सेवानिवृत्ति जनरल मैनेजर बीएचईएल रहे तथा विशिष्ट अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी संपादक चिंगारी बिजनौर रहे। समारोह का संचालन महासचिव देवेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट एवं अध्यक्षता महेंद्र पाल सिंह ने की। समारोह में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से अपने बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास पर ध्यान देने पर बल दिया। कहा कि छात्रों को उनके असफल होने पर इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए। साथ ही महाराणा प्रताप जयंती जैसे कार्यक्रमों की सार्थकता बनाये रखने के लिये कहा। विशिष्ट अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी ने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ गरिमा सिंह को यूपीएससी में 240 रैंक प्राप्त करने, अर्पित सिंह को यूपीएससी में 386 रैंक प्राप्त करने तथा अक्षय प्रताप सिंह को यूपी पीसीएस में थर्ड रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। चारू राजपूत एवं सारिका राजपूत को इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट में नियुक्ति होने, शिवांशी एवं अनिका चौहान को मेडिकल परीक्षा में क्रमश: एमडी एवं एमबीबीएस में सफलता प्राप्त करने एवं प्रांजल सिंह को हार्ट स्टेम सेल्स पर रिसर्च हेतु यूनिवर्सिटी ऑफ वराजिनिया टंक, ब्लैकवर्ग यू.एस. द्वारा पीएचडी प्रोग्राम में नियुक्ति हेतु सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में आदर्श शिक्षा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल बिजनौर द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# वाहनों से चुराता था बैटरी व तेल पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

## डीजल व बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस ने क्षेत्र में डीजल व बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 100 लीटर डीजल, दो ट्रक बैटरी, पांच खाली प्लास्टिक कैन तथा एक फास्ट ट्रैक घड़ी बरामद की है। इस मामले में चार अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। क्षेत्र के ग्राम चंदनपुरा मथुरापुर मोर निवासी आदिल पुत्र शफीक अहमद ने पांच मई को थाने में तहरीर देकर बताया था कि चार मई की रात उनके कार्यालय के बाहर कोटद्वार रोड पर खड़े डंपरों से अज्ञात चोर करीब 800 लीटर डीजल व चार बैटरियां चोरी कर ले गए। चोर सामान को टाटा डीसीएम में भरकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने एक चोर दबोचा पुलिस ने उसके पास से 100 लीटर डीजल, दो ट्रक बैटरी व घटना में प्रयुक्त आयशर कैंटर बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम बिलाल पुत्र नासिर निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा बताया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लम्बे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करता था। उसने बताया कि तीन व चार मई की रात को उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चंदनपुरा के पास खड़े तीन डंपरों से तेल तथा दो डंपरों से बैटरियां चोरी की थीं। पुलिस के अनुसार इस मामले में मोहित कुमार निवासी खेड़ा थाना नजीबाबाद, मतलूब, आबिद, मतीन उर्फ नन्हे तथा शकील निवासी मोहरका पट्टी थाना गजरौला जनपद अमरोहा के नाम भी प्रकाश में आए हैं। सभी फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, कांस्टेबल नीरज पंवार, सीताराम व सुमित शामिल रहे।

## लीना सिंघल ने किया विदुर कैफे का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल में साहू जैन डिग्री कॉलेज के पास स्थित नए विदुर कैफे का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती लीना सिंघल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नामित सभासद गीता कैसले, मंजू चैहान, चिंकी अरोरा व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रीमती लीना सिंघल ने स्थानीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए ऐसे उपक्रम अवसर प्रदान करते हैं।

## रैली निकालकर भाईचारे का संदेश दिया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम श्यामीवाला में बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया अराजनैतिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अरुण कुमार रोनी के नेतृत्व व राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद साजिद की देखरेख में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्वाभिमान जगाओ, अधिकार बचाओ जन जागृत के प्रति जागरूक कर भाईचारे के साथ प्रेम का संदेश देना था। इसी उद्देश्य से साइकिल रैली क्षेत्र के कई गांवों से होते हुए भागूवाला पुलिस चैकी पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

## खुर्शीद मंसूरी ने किया नए सैलून का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद के झंडा चैक पर नए सैलून का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सैलून के स्वामी नवाजिश को सभी ने नए कारोबार की मुबारकबाद पेश की। अल्लाह से उनके कारोबार में तरक्की व बरकत की दुआ की। इस मौके पर सभासद मौ. अच्छन राईन, खुर्शीद आलम एडवोकेट, मजीद, शाहिद, शफीक कफील अंसारी, मास्टर मकसूद, फुरकान आदि उपस्थित रहे।

# हॉस्पिटल की वर्षगांठ पर कराया विशाल भंडारा



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली के डायरेक्टर डॉ. चरण सिंह चौधरी की ओर से हॉस्पिटल की तीसरी वर्षगांठ पर क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वयंभू मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। पंडित कक्कूदत्त शर्मा ने चौधरी परिवार को पूजा अर्चना कराई। वैदिक मंत्रोचारण के साथ हवन पूजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां प्रदान की। भगवान गणेश व भगवान शिव का गुणगान कर आरती की गई। भगवान को भोग लगाकर कन्याओं को जीमा कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। कार्यक्रम में अनुज चैधरी, डॉ. मनुज चौधरी, बबलू चौधरी, नहटौर विधायक ओमकुमार, शोभा रानी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन, लीना सिंघल, रजनी कालरा, हरजिंदर कौर, सुबोध पाराशर, मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार, एसआई सोनू कुमार, चौधरी ईशम सिंह, आदेश चैधरी, कान्हा कर्णवाल, राजन टंडन गोल्डी, वरुण आत्रेय, कमल सैन, राजकुमार प्रजापति, अंकित राजपूत, कर्णवीर सिंह, सुनील त्यागी, चैधरी वीर सिंह, गजेंद्र सिंह, भूपेंद्र चौहान, रविन्द्र सिंह, पंकज त्यागी, मंदिर के पुजारी शशिनाथ, नरेश कर्णवाल, रुकन राजपूत, भूपेंद्र सिंह, चौधरी समर सिंह, बलराज सिंह, दिनेश सैनी, नरेंद्र शर्मा, विशाल कर्णवाल, अनिल कर्णवाल, डॉ. पवन सिंह, ओमदत्त त्यागी, नागेन्द्र चौहान, मोहित चैहान, सचिन देशवाल, प्रमोद जोशी, राजीव चैहान, सचिन अग्रवाल, वासु सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़े ही प्रेम भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

आपका सपना हम करायेंगे पूरा
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## 2027 का चुनाव जनता बनाम सत्ता अहंकार का होगा: अबरार आलम



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम अंसारी एडवोकेट के आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में नजीबाबाद सीट से आसपा का विधायक बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है, आजाद समाज पार्टी दलित, मुस्लिम, पिछड़े व गरीब वर्ग की आवाज बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा में जनता के सम्मान, शिक्षा, रोजगार व विकास के मुद्दों को लेकर पार्टी मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी। अबरार आलम एड. ने कहा 2027 का चुनाव जनता बनाम सत्ता अहंकार का चुनाव होगा। आज गांव-गांव में लोग भाजपा व पारंपरिक पार्टियों से निराशा हैं। आजाद समाज पार्टी शोषित, वंचित व गरीब समाज को मजबूत राजनीतिक भागीदारी दिलाने का काम करेंगी। इस अवसर पर भीम सेन हल्दिया प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, सुखवीर प्रधान, अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष, रजत कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुल्तान कुरैशी नगर अध्यक्ष, भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुलहई, भूरे प्रधान, शमशीद अंसारी, राहतपुर के पूर्व प्रधान मुस्तफा, मंडावली के पूर्व प्रधान साबू, अयाज अंसारी, अनीस अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ों के साथ कहीं खो गया गांवों का सौहार्द व सुकून

## 'मेरी बेरी के बेर मत तोड़ो, कांटा लग जायेगा' जैसे गीत अब सुनाई नहीं देते

-मरगूब रहमानी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कभी गांवों की पहचान चौपाल, कुएं और विशाल पेड़ों से होती थी। अमरूद, जामुन, बेर, नीम, पिलखन और बरगद जैसे पेड़ केवल हरियाली का हिस्सा नहीं थे, बल्कि गांव की आत्मा थे। इन पेड़ों की छांव में बचपन खिलखिलाता था, रिश्ते पनपते थे और जीवन अपनी सहज लय में बहता था। बच्चे जामुन और बेर तोड़ते हुए शरारत करते, तो कहीं 'मेरी बेरी के बेर मत तोड़ो' जैसे गीत लोकजीवन में मिठास घोलते थे।

गांव के बड़े पिलखन और नीम के पेड़ों के नीचे लगने वाली पंचायतें केवल विवाद नहीं सुलझाती थीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द की मिसाल भी पेश करती थीं। न अदालतों की भागदौड़ थी, न थानों के चक्कर। पेड़ों की छांव में बैठकर लोग घंटों गपशप करते, दु:ख-सुख बांटते और मेल-मिलाप की परंपरा निभाते थे। बरगद की जड़ों से लोगों की आस्था जुड़ी रहती थी और उन्हीं पेड़ों के नीचे स्वांग, कीर्तन और धार्मिक आयोजन गांव की सांस्कृतिक धड़कन बन जाते थे।

जून की तपती दोपहर में जब पेड़ों के नीचे बंधे पशुओं के गलों की घंटियां बजती थीं, तो वह मधुर ध्वनि सन्नाटे को चीरकर मन में अजीब-सी शांति भर देती थी। वह समय केवल जीवन नहीं, बल्कि प्रकृति और इंसान के बीच गहरे रिश्ते का प्रतीक था।



लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ ने गांवों से यह हरियाली छीन ली। बढ़ती जरूरतों और कंक्रीट के विस्तार ने पेड़ों को निगल लिया। इसके साथ ही गांवों की आत्मीयता, अपनापन और प्राकृतिक सौंदर्य भी धीरे-धीरे खत्म हो गया। अब गांव छोटे शहरों का रूप लेते जा रहे हैं, जहां न चौपाल की छांव बची है और न पेड़ों के नीचे बैठने की संस्कृति।

पेड़ों के कटने से केवल पर्यावरण दूषित नहीं हुआ, बल्कि इंसान के भीतर का सुकून भी कहीं खो गया। आज आदमी सुविधाओं के बीच जी तो रहा है, लेकिन प्रकृति से दूर होकर उसका जीवन न पूरी तरह स्वस्थ रह गया है और न ही आनंदमय।

**समय की मांग है कि हम फिर से पेड़ों की ओर लौटें, क्योंकि पेड़ केवल ऑक्सीजन नहीं देते, वे हमारी संस्कृति, स्मृतियों और जीवन की आत्मा को भी जीवित रखते हैं।**

# स्योहारा में जन्मे आसफ अली ने लड़ा था भगत सिंह का केस

-अश्मनी विश्नोई जाखड़

**स्योहारा ( चिंगारी )।** 8 अप्रैल 1928 को असेम्बली के अधिवेशन के समय जंगे आज़ादी के मतवाले शहीद भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने भारत की आज़ादी की मांग करते हुए बम फेंके थे। दोनों गिरफ्तार हुए और जेल भेज दिए गए। उनके बचाव के लिए जिस वकील की नियुक्ति हुई। ये वकील कोई और नहीं स्योहारा निवासी बैरिस्टर आसफ अली खान थे।



11 मई 1888 को बैरिस्टर आसफ अली खान का जन्म स्योहारा नगर में हुआ था। आसफ अली की प्रारंभिक शिक्षा स्योहारा में तथा बाद में दिल्ली के सेंट स्टीफन कालिज से ग्रेजुएशन करने के लिए भेज दिया गया। ग्रेजुएशन करने के बाद उन्हें वकालत की पढ़ाई करने इंग्लैंड भेजा गया । 1909 से 1914 तक वह इंग्लैंड रहे और वैरिस्टर बनकर भारत आए। भारत लौटने के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने लगे। 1928 में अरूणा गांगुली से शादी की जो भारतीय इतिहास में अरुणा आसफ अली के नाम मशहूर हैं। आपने आज़ाद हिंद फौज के बहादुर सिपाहियों ढिल्लन, सहगल और शाहनवाज़ के मुकदमों की भी पैरवी की।

सरदार भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने आठ अप्रैल 1929 को दिल्ली की केंद्रीय असेंबली में बम फेंककर विरोध जताया था और स्वेच्छा से गिरफ्तारी दे दी थी। इसके बाद सरदार भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त पर पैनल कोर्ट में मुकदमा चला था। मुकदमे के दौरान सरदार भगत सिंह ने अपनी पैरवी खुद करने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था। लेकिन कोर्ट में की जाने वाली कागजी कार्रवाई के लिए सरदार भगत सिंह ने उस समय के प्रसिद्ध अधिवक्ता आसफ अली की सहायता ली थी। आसिफ अली ने मुकदमे में बटुकेश्वर दत्त का पक्ष कोर्ट में रखा था। उस समय आसफ अली की गिनती देश के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में होती थी। मुकदमे की पैरवी के लिए आसफ अली कई बार भगत सिंह से जेल में भी मिले। आसफ अली की पत्नी अरुणा आसफ अली भी क्रांतिकारियों के मुकदमे में उनकी मदद करती थीं।

## राज्यपाल और राजदूत भी रहे

बैरिस्टर आसफ अली 1946 में संविधान सभा के सदस्य बने। 1946 में नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में बैरिस्टर साहब रेलवे एवं परिवहन अधिकारी रहे। उड़ीसा के राज्यपाल, अमेरिका के पहले राजदूत और स्विट्ज़रलैंड के राजदूत भी रहे। वर्ष 1953 में 65 साल की उम्र में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी बर्न में हमेशा-हमेशा के लिए चिरनिद्रा में लीन हो गये। उनकी याद में सरकार ने दिल्ली में एक सड़क का नाम आसिफ अली रोड रखा तथा 1989 में उनके नाम से डाक टिकट जारी किया गया था।

# बिछड़ी बालिका को परिजनों से मिलवाया

**नहटौर ( चिंगारी )।** ननिहाल आयी बालिका अपने परिजनों से बिछड़ गयी। बालिका रोते हुए पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस ने परिजनों को तलाश कर बालिका को उनकी सुपर्दगी में दे दिया। रविवार को राधिका पुत्री राजेंद्र आयु 11 वर्ष निवासी सूर्य कॉलोनी जनपद हरिद्वार उत्तराखंड अपने अपने पिता राजेंद्र के साथ अपने ग्राम नारायण खेड़ी स्थित ननिहाल जाने के लिए आई थी। बताया जाता है कि हल्दौर चौराहे पर सामान लेने के दौरान वह अपने पिता से बिछड़ गयी। बालिका ने रोना शुरू कर दिया। उपनिरीक्षक सपना ने बालिका से बातचीत करके पूरी जानकारी ली उसके परिजनों की तलाश शुरू की। उसके ननिहाल से परिजनों को बुलाकर बच्ची उसकी मामी को सौंप दी। बताया जाता है कि परिजन भी बालिका को तलाश कर रहे थे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं.- 16/ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड/प्राईस बिड/फाइनेंशियल बिड बजट/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 19-05-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सैडिल बाँध, कालागढ़ के स्पिलवे गेटों पर सैंड ब्लास्टिंग उपरान्त इपॉक्सी पेन्टिंग का कार्य | 22.79 | 45,600.00 | 45 दिवस | 300.00+18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | ए-मकेनिकल, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश |
| A. | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | | 12-05-2026 को समय 10-00 बजे से | |
| B. | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी/ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवष्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0 एल0 एस0 फार्मेट में। | | | | 12-05-2026 को समय 10-00 बजे से 19-05-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे | |
| C. | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, एवं अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, नई कालोनी, कालागढ़ कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि | | | | 19-05-2026 को अपराहन 02:00 बजे तक | |
| D. | ऑनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल-बिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | 19-05-2026 को अपराहन 03:00 बजे | |
| E. | ऑनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) प्राइस बिड/फाइनेंशियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | पार्ट- "ए" खोलने के उपरान्त | |
| F. | बिड खोले जाने का स्थान | | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ | |

निविदा सूचना, सूचना विभाग की वैब-साइट http://information.up.gov.in व सिंचाई विभाग की वैब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेंट वैबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, नई कालोनी, कालागढ़ के नाम केवल इन्टरनैट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-ए के साथ आवश्यक रुप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-ए के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा सूचना में कोई भी संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो संशोधन/ परिवर्तन उक्त साइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया उक्त साइट को समय-समय पर चैक करते रहें।

नोट - निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार को साइट की विजिट स्वयं कर लेनी चाहिए। बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है। वर्क साइट तक ढुलाई का कार्य ठेकेदार को ही वहन करना होगा। ठेकेदारों को कार्य करने हेतु टी.एण्ड पी. एवं अन्य सामग्री की स्वयं व्यवस्था करनी होगी।

R.O.No. 250996 Date: 08-05-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़

# जिले के डेढ़ सौ गांवों में बैठकें करेगी माकपा

## जनसमस्याओं को लेकर जनांदोलन की तैयारी



**नांगल सोती (चिंगारी)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जनसमस्याओं को लेकर जनपद में जनांदोलन चलायेगी और हर कदम पर किये जा रहे शोषण से जनता को जागरूक और सचेत करेगी।

यह निर्णय पार्टी की जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में तय हुआ कि मई माह में जिले के 150 गांवों में बैठकें आयोजित कर पार्टी कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को नोट करेंगे। फिलहाल सरकार ने भले ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर्स को पोस्टपेड मीटर्स में बदलने का निर्णय ले लिया है, लेकिन सरकार फिर से इस निर्णय को जनता पर लाद सकती है। जनता को जागरूक करते हुए बताया जायेगा कि स्मार्ट मीटर ही गलत हैं। इनके द्वारा जनता को लूटा जा रहा है। मीटर बदलने का खर्च उपभोक्ता से न वसूलकर विभाग स्वयं वहन करे। अभियान के तहत नया शैक्षिक सत्र शुरू होने पर अभिभावकों से मांगी जा रही अनावश्यक फीस, पुस्तकों-कॉपियों की बिक्री के नाम पर हो रहे शोषण, गांवों में पंगु बना दी गयी चिकित्सा सुविधाओं, गैस की बढ़ाई गई कीमतों का विरोध किया जायेगा। इसके साथ ही एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) बनाकर बिजली, पानी, सड़कों की योजनाओं के माध्यम से निर्माण कंपनियों को टैक्स से मुक्ति देने, योजना में जनता की उपजाऊ जमीन लेने का पुरजोर विरोध किया जायेगा। जब महंगाई से आम जनता का जीना मुहाल हो रहा है, तब नेताओं को अनावश्यक सुविधायें यथा भत्ते, कई-कई पेंशन देने, वीआईपी सुरक्षा पर अत्यधिक व्यय करने का भी विरोध किया जायेगा। साथ ही पार्टी की नीतियों का प्रचार करते हुए 100 सहायक सदस्यों की भर्ती की जायेगी। समस्याओं के समाधान हेतु जून माह में आंदोलन किया जायेगा।

वरिष्ठ नेता का. रामपाल सिंह की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री का. विजेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में का. शराफत, का. इसरार अली, का. इन्द्र कुमार, का. फरीद, का. तुलाराम, का. खुर्शीद आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया मातृ दिवस

**नहटौर (चिंगारी)।** वीके इंटरनेशनल स्कूल नहटौर में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सरिता अग्रवाल, एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल तथा ईडी प्रार्थना अग्रवाल, प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। माताओं ने भी बच्चों के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करते हुए उनके समक्ष अपने विचारों को प्रस्तुत किया। ईडी प्रार्थना अग्रवाल ने मातृत्व के प्रति बहुत ही सुंदर शब्दों और कविता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा यशिका चौधरी व आराध्या ने संयुक्त रूप से किया।




# हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई, गोपाल धीमान ने दी बधाई



**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लगातार तीन बार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रहे और वर्तमान एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर बिजनौर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बिजनौर के जिला सहमीडिया प्रभारी पंडित गोपाल धीमान ने उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पंडित गोपाल धीमान ने अपने बधाई संदेश में कहा कि श्री हंसराज विश्वकर्मा का कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेना उनके दशकों के समर्पण, संगठन के प्रति निष्ठा और जमीनी स्तर पर किए गए उनके अथक परिश्रम का परिणाम है।

गौरतलब है कि हंसराज विश्वकर्मा की गिनती भाजपा के बेहद अनुशासित और कर्मठ नेताओं में होती है। बनारस के जिला अध्यक्ष के रूप में उनके सफल कार्यकाल और प्रधानमंत्री के साथ उनके बेहतर समन्वय को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

# मिलेनियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल गाजियाबाद रोड कोतवाली देहात में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। सर्वप्रथम विद्यालय ने अपने बच्चों के साथ आई माता से फीता कटवाकर व तिलक लाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 की तक की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी अभिभावक को अपनी ओर आकर्षित किया। छात्रा अवनी कक्षा 4, सुहाना कक्षा 6, वानियाव कक्षा 6, काव्य कक्षा 3, सुखना कक्षा 10, दक्ष कक्षा 6, नीलगगन कक्षा 12, सांची कक्षा 1, परीक्षा एलजी, कुलसुम कक्षा 3, मनु प्रजापति कक्षा 5, समायरा कक्षा 8, अलिशिबा कक्षा 8, पलक कक्षा 8, काव्य कक्षा 8, आलिया कक्षा 8 ने सोलो डांस, शायरी, और ग्रुप डांस सॉन्ग से अभिभावकों का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता के स्वागत में लघु नाटिका, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अपना प्रदर्शन दिखाया। क्राउन का पुरस्कार अभिभावक नेहा शर्मा को मिला।

# गोल्डन बेल्स स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, गांधी हाउस बना चैम्पियन

**स्योहरा (चिंगारी)।** गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।



प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। सभी हाउस के बच्चों ने अपने हाउस को जिताने के लिए भरसक प्रयास किया। कक्षा 7 से 12वीं तक के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर गांधी हाउस रहा। अभिनव और गीतांशु उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे। इंद्रपाल और दिवाकर ने खेल में रैफरी और अंपायर की भूमिका निभाई। ओमानन्द की कमेंट्री ने खेल में चार चांद लगा दिये। सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए मेडल, प्रशस्ति-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# कुर्बानी का वीडियो वायरल न करें, सड़क पर नमाज न पढ़ें !

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ईद-उल-अज़हा के दृष्टिगत स्थानीय थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद पर की जाने वाली कुर्बानी केवल निर्धारित स्थानों पर ही करें। कोई भी व्यक्ति कुर्बानी का वीडियो न बनाये। यदि इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता है, तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। कुर्बानी के अवशेषों को निर्धारित स्थलों पर गड्ढा खोदकर अच्छी तरह से दबा दें, ताकि किसी की भावनायें आहत न हों। कुर्बानी के मांस को भी अच्छी तरह से ढककर ही ले जायें तथा निर्धारित मार्गों से ही घर तक ले जायें। ईद की नमाज़ ईदगाह या मस्जिद परिसर के अंदर ही पढ़ें। कहीं भी सड़क पर नमाज़ नहीं पढ़ी जा सकेगी। उपनिरीक्षक अफजाल खां एवं सुनील कुमार पूनिया, मौ. इफ़राहिम, प्रधान मौ. राशिद, अब्दुल हक, इरफान अहमद, अविनाश कुमार, खालिक हुसैन, राजेश कुमार, रविन्द्र सैनी, सत्तार अहमद, हाजी शहजाद सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।


ईद-उल-अज़हा पर आयोजित बैठक को संबोधित करते एसओ

# दीपक की मौत से जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुली!

## पेड़ से लटका मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## पीएम हाउस और जजी चौक पर घंटों हंगामा हुआ, जाम लगाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को जिला कारागार प्रशासन की घोर लापरवाही उस समय सामने आई, जब एक सजायाफ्ता कैदी का शव जेल में पेड़ से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और जिला जजी पर जाम लगा दिया। बरेली रेंज के आईजी अजय साहनी भी जाम में फंसे रहे। इस घटना से जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा है।

बिजनौर के समीपवर्ती ग्राम आदीपुर निवासी दीपक (30 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल लूट के एक मामले में 18 फरवरी 2025 से जिला कारागार में बंद था। उसे लूट के एक मामले में उसके तीन साथियों सहित 6 साल की सजा हुई थी और एक दिन पहले ही उसकी इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत हुई थी।



हंगामा करते परिजन व अन्य ग्रामीण।



मृतक दीपक का फाइल फोटो

बताया जाता है कि दीपक कुछ दिनों से जेल अस्पताल में भर्ती था। जेल अधिकारियों के अनुसार रविवार दोपहर उसने बैरक में खाना खाया था। इसके बाद बैरक बंद करने के दौरान वह गायब मिला। जेलकर्मियों ने उसे तलाश किया तो उसका शव जेल अस्पताल के पीछे एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। शहर कोतवाली पुलिस सूचना मिलते ही जिला कारागार पहुंची और घटना की जानकारी प्राप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

परिजनों को घटना की सूचना शाम करीब साढ़े चार बजे मिली। वे रोते-पीटते ग्रामीणों की भीड़ के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि दीपक की हत्या की गई है और सच्चाई पर पर्दा डालने के लिये घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीण पीएम हाउस में घुसकर दीपक का शव उठाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान आक्रोषित लोगों की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर पहुंचे एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह व थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन भीड़ नहीं मानी। बाद में आक्रोशित ग्रामीण जिनमें कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता भी थे, नारेबाजी करते हुए जजी चौक पर पहुंचे, जहां उन्होंने जाम लगा दिया, जिससे यातायात काफी देर तक प्रभावित हुआ। बाद में जेल अधिकारी से बात कराने का आश्वासन दिये जाने पर लोगों ने जाम समाप्त किया।

### डीआईजी बरेली की गाड़ी को घेरा

**जाम के दौरान जजी चौक पर ग्रामीणों ने डीआईजी बरेली अजय साहनी की गाड़ी को रोक लिया। कुछ महिलाएं डीआईजी की गाड़ी के सामने बैठ गईं। अधिकारियों ने किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर गाड़ी के आगे से हटाया।**

### मां की तबीयत बिगड़ी

**जजी चौक पर जाम के दौरान दीपक की मां गुडडी की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने गुड्डी को पानी पिलाया और जाम से दूर ले गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।**

### आज होनी थी दीपक की रिहाई

मृतक दीपक के जीजा ऋषिराज ने बताया कि शनिवार को उसने दीपक से जेल में मिलाई की थी। तब वह बिल्कुल स्वस्थ था। उसने ऋषिराज से बताया था कि जेल में बंद स्वाहेड़ी के कुछ युवक उसकी हत्या करना चाहते हैं, उसे जेल से निकाल लिया जाये। ऋषिराज के अनुसार उसने दीपक को बताया था कि हाईकोर्ट से उसकी बेल हो गई है। सोमवार को जेल से उसकी रिहाई हो जायेगी। ऋषिराज ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब दीपक सोमवार को जेल से रिहा होने वाला था, फिर वह क्यों आत्महत्या करता?

### जेल अधिकारियों से हुई बात

पुलिस अधिकारी मृतक दीपक के परिजनों सहित 6-7 लोगों को जेल के अंदर ले गये। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने बताया कि जेल अधिकारियों ने उन्हें आज के सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाये, बल्कि शनिवार के फुटेज उन्हें दिखाये गये। उन्होंने बार-बार रविवार के फुटेज दिखाने को कहा, लेकिन जेल अधिकारी चुप्पी साध गये। दीपक के परिजनों ने कहा कि दीपक की जेल में हत्या की गई है।

### पीएम हाउस पर आज भी रही गहमागहमी

दीपक के शव के पोस्टमार्टम को लेकर आज भी पीएम हाउस पर गहमागहमी बनी रही। आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी आदि के सैकड़ों कार्यकर्ता व दीपक के परिजन-रिश्तेदार आदि पीएम हाउस पर जमा रहे। आजाद समाज पार्टी के नेता शहजाद अहमद के नेतृत्व में कुछ लोग जिलाधिकारी से मिले और उन्हें ज्ञापन देकर दीपक के परिजनों को इंसाफ दिलाने की मांग की। पीएम हाउस पर मौजूद लोगों मांग थी कि डाक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाये। पोस्टमार्टम की पूर्ण कार्वाई की वीडियोग्राफी भी होनी चाहिए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस दीपक के शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में लगी हुई थी।

## दुस्साहस : महिला सिपाही के गले से चेन खींचकर फ़रार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला मुख्यालय पर एक बार फिर चेन स्नेचर्स सक्रिय हो गये हैं। इस बार उन्होंने एक महिला सिपाही की चेन झटककर पुलिस को सीधी चुनौती दे डाली। घटना से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार अनुराधा चौधरी महिला थाने में तैनात हैं। रविवार की शाम को वह सादे कपड़ों में स्कूटी से मंडावर रोड पर फल खरीदने गई थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले से चेन छीनकर फरार हो गए। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। महिला सिपाही ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर ली है। बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपी की फुटेज मिली है। घटना का खुलासा शीघ्र कर दिया जाएगा।

## देव सैनी ने शानदार भाषण दिया, जनपद का नाम रोशन किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व मेधावी छात्र देव सैनी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 कार्यक्रम में शानदार भाषण देकर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा एवं शिक्षकों ने विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में देव सैनी को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. एम एस त्यागी ने बताया कि देव सैनी ने युवा संसद कार्यक्रम में विकसित भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में शानदार भाषण देकर हमारे विद्यालय और बिजनौर जिले का नाम रोशन किया है। देव सैनी ने बताया कि विकसित भारत युवा सांसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 1 मई से 3 मई तक लखनऊ विधानसभा में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, डॉ एम एस त्यागी, वेदपाल सिंह, पंकज कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। देव सैनी पुत्र छोटू सिंह मोहल्ला सराय रफी के निवासी हैं और वर्तमान में गुलाब सिंह हिंदू कॉलेज से बीए कर रहे हैं।

## मानियावाला में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पिछले काफी दिनों से मानियावाला में भय का पर्याय बने कई गुलदारों में से एक गुलदार कल पिंजरे में कैद हो गया, जिससे ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली है। 2 मई को यहां नरेंद्र सिंह चौहान के व भूपेंद्र सिंह के खेत के निकट दो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाये गये, जिसमें नरेंद्र सिंह चौहान के खेत के पास रखे पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया है। प्रात: जब किसान खेतों पर पहुंचे तो पिंजरे में गुलदार को फंसा देखा। मौके पर पहुंचे वनकर्मी अंकित कुमार व मुजीबुर्रहमान ग्रामीणों के सहयोग से पिंजरे को नगीना वन रेंज की पीलीडैम वन चौकी ले गये। इस संबंध में नगीना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले 20 दिनों के अंदर नगीना वन रेंज से 6 गुलदार रेस्क्यू किये गये हैं, जिनमें दो अफजलगढ़ ब्लॉक से व चार कोतवाली ब्लॉक से पकड़े गये हैं।

# मदर्स-डे पर बॉलीवुड के रंग में रंग गया द हेजलमून स्कूल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल की बाल वाटिका विंग में मदर्स डे उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम बालीवुड रखी गई, जिसने पूरे विद्यालय परिसर को मनोरंजन, संगीत और उमंग से भर दिया। विद्यालय बॉलीवुड के रंगों, गीतों और आकर्षक सजावट से जगमगा उठा। कार्यक्रम में मदर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कुछ मदर्स ने मधुर बॉलीवुड गीत प्रस्तुत किए, तो कुछ ने प्रसिद्ध फिल्मी संवाद बोलकर सभी को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया, कुछ ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया, वहीं कुछ ने रैंप वॉक करके पूरे आत्मविश्वास और शानदार अंदाज़ के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। सभी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम का वातावरण आनंदमय बना दिया, जिसमें श्रीमती सौम्या गुप्ता प्रथम, श्रीमती कंज़ा अकरम द्वितीय, श्रीमती जस्मीत कौर को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने सभी मदर-टीचर्स के साथ मिलकर केक काटा तथा सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी।


मदर्स डे पर केक काटती स्कूल की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल।

# दूसरे सम्प्रदाय का युवक ले उड़ा नाबालिग को

## ताऊ ने धमकी दी- पुलिस में शिकायत की तो बेटी के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक महिला ने दूसरे सम्प्रदाय के युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को ले जाने तथा घर में रखे 20हजार रूपए,5 तोले सोने के व 500 ग्राम चांदी के आभूषण भी गायब होने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाने में दी गई तहरीर में नजदीक के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि वह अपनी चचेरी ननद के लड़के की मौत की खबर सुनकर अपने पति के साथ धनौरा गई थी। घर में उसका पुत्र व दो पुत्रियां थीं। रात्रि में लगभग 12 बजे जब वे घर पहुंची तो उसकी 16 वर्षीय बड़ी पुत्री घर में नहीं थी तथा घर में रखे 20 हजार रूपए, 5 तोले सोने व 500 ग्राम चांदी के आभूषण भी गायब थे। महिला के अनुसार उसकी पुत्री से गांव का ही फरमान पुत्र सरताज फोन पर बात किया करता था। महिला ने बताया कि वह अपनी छोटी बेटी के साथ फरमान के घर जानकारी करने के लिए गई तो फरमान की मां और उसकी बहन से अपनी पुत्री के बारे में जानकारी की तो वे उस पर आग बबूला हो गई और उसे गंदी गंदी गालियां देने लगीं, फरमान के ताऊ मैराज पुत्र अमीर शाह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे उसकी पुत्री के टुकड़े मिलेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आज से प्रारंभ हुए आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पहले दिन कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसके अलावा एक सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर कथावाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज पगड़ी पहने हुए विराजमान थे। पहले दिन की कथा के मुख्य यजमान नखलेश कुमार चौहान जहां अपने सिर पर श्रीमद् भागवत ग्रंथ धारण किए हुए थे वहीं उनकी पत्नी रीना देवी चौहान मुख्य मंगल कलश को अपने सिर पर धारण किए हुए भगवान कृष्ण और राधा रानी का गुणगान करती चल रही थी। दुर्गा विहार कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर से आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी के संरक्षण में प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह राजपूत एवं उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी राजपूत कुंवर अशोक कुमार सिंह राजपूत एवं लता रानी राजपूत कुंवर अनिल कुमार सिंह राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत कुंवर आशीष कुमार सिंह राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत आदि भी परिवार सहित शामिल रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने कराया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भी कलश यात्रा में मौजूद रहे। कलश यात्रा में डॉक्टर अनुज कुमार वर्मा, रीना वर्मा, ध्रुव वर्मा, हर्ष शर्मा, नितिन शर्मा, सोनू शर्मा आदि का योगदान रहा।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व कथा वाचक आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ।

# लानत : दोस्तों को पत्नी का शरीर परोसकर पैसा कमाता था

## पत्नी ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। इस गांव की एक महिला ने अपने पति व उसके चार दोस्तों पर यौन शोषण करने, देह व्यापार कराने तथा अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

थाना क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद निवासी महिला द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति अपने चार दोस्तों से उसका यौन शोषण कराता है। इस दौरान उन्होंने उसकी अश्लील वीडियो बना ली, जिसे वायरल करने की धमकी दे कर पति व उसके दोस्त लगातार उसका देह शोषण करते रहे।

महिला का यह भी आरोप है कि पति के दोस्त उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर लगातार उसके साथ गलत कार्य करते रहे। 30 अप्रैल को देहरादून के एक युवक के पास ले जाने लगे तो वह किसी तरह हरिद्वार में गाड़ी से उतर गई और अकबरबाद आ गई। महिला का यह भी आरोप है कि वह पति का कहना मानने से इंकार करती थी, तो वह उसे तमंचा दिखा कर चुप कर देते थे। यह सिलसिला शादी के बाद से लगातार चलता रहा। परेशान होकर उसने अपने पति और उसके दोस्तों के विरूद्ध पुलिस में तहरीर दे दी, जिस पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



# वीर शिरोमणि की जयंती मनाई

**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, आचार्य हेमराज सिंह व समस्त आचार्यो ने महाराणा प्रताप के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात आचार्य हेमराज सिंह, सोमपाल सिंह ने महाराणा प्रताप के साहस, देशभक्ति और स्वाभिमान पर प्रकाश डाला तथा भैया बहनों को उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी गई और बताया कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करना व कभी हार न मानना सिखाता है।

# जीएसएन एकेडमी में रही महाराणा प्रताप जयंती और मदर्स-डे की धूम

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर की शिक्षण संस्थान जीएसएन. इंटरनेशनल एकेडमी में 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती' और 'मदर्स डे' (मातृ दिवस) का आयोजन बेहद उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और संस्कृति के प्रति प्रेम का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रबंधक आशुतोष नागर और प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें स्वाभिमान और वीरता की शिक्षा देता है। वहीं, मदर्स डे पर अपने विचार रखते हुए प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर ने कहा कि माँ त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति है, हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए। विद्यालय व्यवस्था प्रमुख विकास पंकज की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी टीम की निशा राजपूत, नमिता रस्तौगी, स्वाति वर्मा, अपूर्व चौहान और विशाल चाहल का विशेष योगदान रहा। बच्चों ने वृद्धाश्रम व्यवस्था पर लघु नाटिका प्रस्तुत की और अपनी माताओं के लिए भावुक कर देने वाले गीत और कविताएं पेश कीं। इस भव्य आयोजन में राकेश कुमार, जितेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, अभिनव चौधरी, प्रियंका चौधरी, गुलफ़शा, पूजा रानी, कु. महिमा, नीरु सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# महिलाओं ने सांसद चंद्रशेखर के आवास के बाहर दिया धरना

## नारी शक्ति वंदन के समर्थन में की नारेबाजी

**धामपुर ( चिंगारी )।** महिला आरक्षण बिल को लेकर लोकसभा में हुए विरोध के बाद भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले आज ग्राम जैतरा में पब्लिक इंटर कॉलेज के पास स्थित सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के आवास पर महिलाओं ने प्रदर्शन कर धरना दिया। महिला कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारेबाजी करते हुए सांसद के रुख का विरोध कर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सांसद आवास का मुख्य द्वार बंद रखा गया और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी देने वाला यह कानून ऐतिहासिक कदम है और इसका विरोध महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लीना सिंघल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, ऐसे में राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्हें बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता अपनी राजनीतिक स्थिति कमजोर होने के डर से महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। महिला मोर्चा की जिला मंत्री मोनिका यादव ने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का विषय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह जागरूक हैं और किसी भी प्रकार का विरोध सहन नहीं करेंगी। धरने में सोनिका अग्रवाल, उमेश चौहान, मंजू रानी ने भी विचार व्यक्त किये। यह धरना 16 मई तक प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक दिया जाएगा।



# गौकशी के आरोपी की टांग में गोली लगी

## राजवीर और मनोज गौवंशीय पशुओं को पकड़कर बाबू कुरैशी को बेच देते थे

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** पुलिस ने पांच दिन पूर्व दिनदहाड़े अकबरपुर तिगरी के जंगल में हुई गौकशी की घटना के मुख्य आरोपी को बाइक, हथियार तथा उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है जिसे उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय भेज दिया है। पुलिस को घटना के दूसरे आरोपी की तलाश है। पुलिस घटना में संलिप्त दो आरोपियों को पहले जेल भेज चुकी है।

पुलिस को क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर तिगरी के जंगल में एक संदिग्ध सेंट्रो कार खड़ी होने तथा उसके पास गौवंश का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके से गौवंशीय पशु का शव, पशुवध के उपकरण और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की थी। जांच में पता चला था कि दो व्यक्ति घटना को अंजाम देकर भागते दिखाई दिये थे। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। इसी संबंध में अकबरपुर तिगरी के जंगल में हुई गौकशी की घटना में संलिप्त दो आरोपी राजवीर पुत्र रमेश, मनोज पुत्र राजवीर दोनों निवासी लदुपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि वह गौवंशीय पशुओं को पकड़कर पैसे के लालच में बाबू कुरैशी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी सब्दलपुर को बेच देते थे। 7 मई को ग्राम अकबरपुर तिगरी के जंगल में स्थित यूकेलिप्टस के खेत में एक गौवंश पकड़कर बाबू कुरैशी व उसके साथियों को दिया था, इसके बाद बाबू कुरैशी और उसके साथियों ने उक्त गौवंश का वध किया है। बाबू कुरैशी का प्रकाश में नाम आने के बाद से ही पुलिस की कई टीम उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस ने बीती रात ग्राम पीपली जट के पास एक बाइक पर सवार होकर जा रहे आरोपी को रोकने का प्रयास किया, मगर पुलिस के मुताबिक उसने थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह पर गोली चला दी। प्रभारी निरीक्षक ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी, गोली बुलेटप्रूफ जैकेट के अंदर घुस गई। बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें गौकशी के आरोपी बाबू कुरैशी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बाबू कुरैशी के पास से एक एचएफ डीलक्स बाइक, एक अवैध तमचा, एक जिंदा कारतूस तथा गौवंश वध में प्रयुक्त उपकरण बरामद किये हैं। क्षेत्राधिकार चांदपुर देश दीपक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में जानकारी दी है कि 7 मई 2026 को अकबरपुर तिगरी के जंगल में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गौकशी की घटना को अंजाम दिया था।



# पत्रकार अवनीश त्यागी ने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के ग्राम पैजनिया थाना हल्दौर निवासी पत्रकार अवनीश कुमार त्यागी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर उनके साथ गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रार्थना-पत्र में अवनीश त्यागी ने बताया कि आरोपियों ने गांव में उनके पुराने घर के सामने अवैध रूप से एक देव स्थल बनाने का प्रयास किया था। उनके द्वारा शिकायत किये जाने पर पुलिस के मौके पर पहुंचने पर उन्होंने वहां से पत्थर एवं त्रिशूल हटा लिया था। तब से आरोपी राजकुमार, उनकी पत्नी बबली व पुत्री राधा उनसे ( अवनीश त्यागी ) रंजिश रखने लगे हैं। 26 अप्रैल को जब वह दूध लेने जा रहे थे, जब राजकुमार ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उन्हें दौड़ाया। उनके द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की गई, जिसमें आरोपियों की सारी हरकत रिकॉर्ड है।

अवनीश त्यागी का कहना है कि उक्त घटना के सम्बंध में राजकुमार द्वारा पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह किया गया। अवनीश त्यागी ने आरोपियों से अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा को गंभीर खतरा होने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।






# गुलशन की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )** क्षेत्र के चर्चित हत्याकांड में एक और युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। घटना के दौरान प्रयोग मे लाई गयी बाईक भी बरामद कर ली। गांव जुलैला निवासी गुलशन सिंह का शव 30 अप्रैल की सुबह महमूदपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन के किनारे मिला था। शुरुआती जांच में पुलिस ने ट्रेन की चपेट में आने से मौत का कारण माना था। जबकि परिजनों ने पंकज कुमार व अतर सिंह पुत्रगण आनंद सिंह, राहल सैनी व अर्जुन सिंह निवासीगण गांव रहटौली पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने उक्त चारों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सोमवार को अतर सिंह, पुष्पेंद्र व रजनीश निवासीगण



रहटौली, थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी अतर सिंह ने बताया कि मृतक गुलशन का उसकी बहन से लगभग चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बार-बार समझाने पर भी दोनों नहीं मान रहे थे। कुछ दिनों पहले चोरी छिपे दोनों ने कोर्ट मैरिज भी कर ली थी। इसी के चलते अतर सिंह व उसका भाई पंकज सिंह बहुत नाराज थे। 20 अप्रैल की रात गुलशन देहरादून से आया था। रात में ही आरोपियों ने अपने दोस्तों के साथ उसका पीछा किया और उसे पकड़कर ले गए। आरोपियों ने महमूदपुर रेलवे फाटक के पास ले जाकर गुलशन को वहां से गुजर रही ट्रेन के सामने फेंक दिया था। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई थी। रविवार को संजय कुमार पुत्र वेद प्रकाश सिंह ग्राम रहटोली को घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

## ग्रामीणों ने जिन्हें संदिग्ध समझा, वे मेवात से सर्वे करने आये थे

नहटौर ( चिंगारी )। रविवार को ग्राम खंडसाल में कार से दो युवती व चार युवक पहुंचे। वह गांव में घूमने लगे। ग्रामीणों को उनकी गतिविधि संदिग्ध लगी। जब ग्रामीणों ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपने आपको सर्वे टीम का हिस्सा बताया। उन्होंने बताया कि वह राजस्थान के मेवात से आए हैं। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस उक्त लोगों को थाने ले आई। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वह सर्वे करने के लिए आए थे। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत की थी। जानकारी की पुष्टि करने के बाद उन्हें छोड़ दिया। वही, ग्राम ढकोली स्थित बाग में संदिग्ध अवस्था में कार दिखाई देने से हड़कम्प मच गया। बाग ठेकेदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार की पहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस ने कार का लॉक तोड़ने का प्रयास किया। बताया जाता है कि कार गांव निवासी ही पुलिस में तैनात युवक की निकली। उसने बताया कि वह शनिवार की शाम खेत देखने के लिए आया था और कार बाग में फंस गई थी। जिस कारण वह जल्दबाजी में उसे छोड़कर घर चला गया था।

## भाई ने भाई पर लगाया मारपीट का आरोप

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। एक भाई ने अपने सगे भाई पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम महावतपुर निवासी परमेंद्र सिंह पुत्र हेतराम सिंह ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि घर के बंटवारे को लेकर चले आ रहे विवाद में 22 अप्रैल की दोपहर उसका सगा भाई महेंद्र सिंह हाल निवासी गजरौला जिला अमरोहा गाली-गलौच करने लगा और मारपीट शुरू कर दी जिससे वह ( परमेंद्र सिंह ) घायल हो गया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि परमेंद्र सिंह की तहरीर पर उसके आरोपी भाई महेंद्र सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115( 2 )/352 व 118( 1 ) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एकता ही ब्राह्मण समाज की सबसे बड़ी ताकत- शक्ति भारद्वाज मित्तल

## बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें-अनिल मिश्रा

**चांदपुर ( चिंगारी )। ब्राह्मण विकास सेवा समिति पश्चिमी उप्र के तत्वावधान में भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस एवं ब्राह्मण सम्मेलन धूमधाम के साथ मनाया गया।**

रविवार को नगर के नूरपुर रोड स्थित मंडप में दिनेश चन्द्र गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अनिल मिश्रा व विशिष्ट अतिथि बुद्ध प्रकाश शर्मा, पूर्व डिप्टी सेक्रेटरी राकेश पांडे व डा. तेज कुमार शुक्ला रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेजलमून स्कूल की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में हमारे पूर्वजों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची मानवता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. अनिल मिश्रा ने



समाज के लोगों से एकजुट होकर रहने तथा अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने का भी आह्वान किया।

### कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रही

कार्यक्रम में डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, गोविन्द मित्तल, अजय कुमार शर्मा, ठाकुर रायबहादुर आर्य, अवनीश त्यागी, संदीप शर्मा, शोभा शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा, एनडी शर्मा, कुलदीप सिंह एडवोकेट, विजय सिंह एडवोकेट, विक्की जोशी, मोहित जोशी, रजनी गोड़, विनोद शर्मा, संदीप शर्मा, प्रशांत गर्ग, प्रशांत शर्मा, पं. रविन्द्र संघर्षी, ब्रजेश कौशिक, नितिन वशिष्ठ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 12 मई 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक-साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# राष्ट्र की सुरक्षा में गढ़वाल राइफल्स का अमूल्य योगदान - राज्यपाल

**कोटद्वार (चिंगारी)।** प्रदेश के राज्यपाल सेनि. लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने दो दिवसीय लैंसडाउन प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं अधिकारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक सम्मेलन में शामिल होकर सैनिकों का उत्साहवर्धन किया।

राज्यपाल ने दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत वॉर मेमोरियल पहुंचकर की, जहां उन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के साथ आयोजित सैनिक सम्मेलन में शामिल हुये। सम्मेलन में उन्होंने गढ़वाल राइफल्स केंद्र को उत्कृष्ट योगदान एवं गौरवशाली सैन्य परंपराओं के सम्मान स्वरूप विशेष ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने गढ़वाल राइफल्स की वीरता, अनुशासन एवं



राज्यपाल गुरमीत सिंह ने रविवार को लैंसडाउन स्थित वार मेमोरियल में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्र सेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह रेजिमेंट देश की सुरक्षा, शौर्य और बलिदान की अमिट पहचान रही है। इस दौरान गढ़वाल राइफल्स की ओर से राष्ट्र रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया। सेंटर कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्यपाल का सैनिकों एवं सैन्य परिवारों के प्रति आत्मीय जुड़ाव जवानों के मनोबल को और अधिक मजबूत करता है। इससे पूर्व देर शाम राज्यपाल ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी की। स्वरोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु संचालित विभिन्न व्यवसायिक मॉडलों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सेंटर सूबेदार मेजर नंद किशोर सहित सेवारत सैनिक, भूतपूर्व सैनिक, वीर माताएं तथा वीर नारियां, डीएफओ कालागढ़ एस तरुण, एएसपी मनोज कुमार ठाकुर, सीओ निहारिका सेमवाल, सीएमओ शिव मोहन शुक्ला, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, बीडीओ रवि सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि लैंसडाउन विवेक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान
## विधायक ने माला पहनाई, खिलाया मिष्टान



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने हरिपुर कलां क्षेत्र में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को माला एवं पटका पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि उनके गुरुजनों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन, समर्पण एवं तपस्या का भी प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही समाज एवं राष्ट्र का भविष्य हैं और आगे चलकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य गीतिका शर्मा, पूजा ग्वाड़ी, लक्ष्मी जुगलान, धर्मेंद्र ग्वाड़ी के अलावा सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में कार्तिक सिलस्वाल पुत्र चंद्रप्रकाश सिलस्वाल, प्रियांशु पवार पुत्र हरीश पवार, अखिलेश कोठारी पुत्र आजाद किशोर, सिद्धार्थ शर्मा पुत्र विशेष कुमार, अंजली पुत्री अजय सिंह, अंशिका पुत्री विवेक कश्यप, गोपी रावत पुत्री वीरेंद्र रावत, अमन तिवारी पुत्र बबलू तिवारी, दिशा पुत्री राजू यादव, किरण कश्यप पुत्री पवन कश्यप, शिविका पुत्री प्रकाश चंद, मानसी पुत्री गौतम, प्रीति शर्मा पुत्री पूरनलाल, झलक चौधरी पुत्री अजय कुमार, दिव्या पांडे पुत्री गोपाल पांडे, काजल भारती पुत्री साधोलाल भारती, सक्षम चौधरी पुत्र विनीत चौधरी, सोनाक्षी गर्ग पुत्री संजय गर्ग, इशिता गोस्वामी पुत्री विजेंद्र, स्मृति लखेड़ा पुत्री नरोत्तम प्रसाद, दीपक जोशी पुत्र राकेश जोशी एवं सोनीका असवाल पुत्री मुन्ना असवाल आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## विद्या मंदिर छात्र संसद व कन्या भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास ऋषिकेश में छात्र संसद एवं कन्या भारती के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के 7 एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के 4 मेरिट होल्डर सहित कुल 11 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डोमेश्वर साहू, विनोद रावत, शंभू पासवान मेयर, माधवी गुप्ता पार्षद, विद्यालय प्रबंधक प्रो. गौरव वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य उमाकांत पंत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र यश नारंग ने देश-विदेश के प्रमुख समाचारों का बुलेटिन प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से 11 मेरिट होल्डर विद्यार्थियों को पटका




पहनाकर एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। डोमेश्वर साहू ने कहा कि विद्याभारती केवल शिक्षा नहीं, संस्कारों की साधना है। मेयर शंभू पासवान, पार्षद माधवी गुप्ता ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रो. गौरव वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा एवं संस्कारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा। छात्र संसद में प्रधानमंत्री पद पर विनय कुमार, सेनापति पद पर लोकेश पंत तथा छात्र न्यायाधीश पद पर गौरव तिवारी ने शपथ ग्रहण की। कन्या भारती में प्रमुख पद पर प्रिया भट्ट, अनुशासन प्रमुख मोनालिका शर्मा एवं सेनापति संध्या सहित कुल 201 छात्र-छात्राओं ने शपथ ली।

## विद्यालय के 150 बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** वसुंधरा संस्था ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नेहरू ग्राम में छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष प्रियंका नेगी ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से हाथ धोने, विद्यालय और आसपास के वातावरण को साफ रखने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर जीवन की पहली सीढ़ी है। संस्था की सरिता पेटवाल ने कहा कि बच्चे शुरुआत से ही स्वच्छता की आदत अपनाएं तो वे न केवल खुद स्वस्थ रहेंगे बल्कि समाज को भी स्वच्छ और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। प्रधानाध्यापिका किरन रावत ने सभी का धन्यवाद किया।

## कण्वघाटी महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के वाणिज्य संकाय की ओर से वित्तीय जागरूकता एवं उपभोक्ता प्रशिक्षण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आइएचएमएस संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को वित्तीय जागरूकता, वित्तीय सुरक्षा, विभिन्न बैंकिंग सेवाओं, साइबर सुरक्षा तथा बीमा सुरक्षा आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरिश्चंद्र द्वारा छात्र-छात्राओं को वित्तीय सुविधाओं को सहजता से उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ.अनुराग शर्मा, डॉक्टर दिवाकर बौद्ध, डॉ. कविता अहलावत, डॉ. दीप्ति मैठाणी, आशीष धीमान और जितेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**



//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701